हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार,2 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.1 डिग्री

12 पहले दिन मंडी में नहीं हुई एक भी दाने की आवक



12 सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने का आरोप



## खबर संक्षेप

### महिला चौपाल में मतदान के प्रति किया जागरूक

**शहजादपुर।** गांव बिचली धमौली में आयोजित महिला चौपाल कार्यक्रम में मतदान के प्रति जानकारी देते हुए महिलाओं से आह्वान किया गया कि वे बिना किसी डर/भय के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में मतदान करने से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। बता दें कि मतदाताओं को मताधिकार के बारे में जागरूक करने के लिए उपमण्डल के गांवों में एसडीएम यश जालूका के दिशा निर्देशानुसार महिला चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

### पानीपत से किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में रहने वाला नाबालिग लड़का पड़ोस में रहने वाली 16 साल की किशोरी को लेकर फरार हो गया। दोनों कॉलोनी की ही एक फैक्ट्री में काम करते थे। लापता होने के दो दिन बाद लड़का घर लौटा और उसने लड़की के परिजनों से मुलाकात की। जिसमें उसने लड़की उसके पास न होने की बात कही। वहीं, थाना चांदनी बाग पुलिस ने लडकी के पिता की शिकायत पर लड़के के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राशन कार्ड बनवाने के नाम पर की ठगी

**पानीपत।** पानीपत में हाउसिंग बोर्ड कालोनी में निवास कर रहे राजकुमार व इसकी बहन समुन ने फर्जी फूड इंस्पेक्टर बन कर 19 हजार रूपये की ठगी कर ली। आरोपी ने दोनों के राशन कार्ड बनवाने के नाम पर उन्हें ठगा। इधर, राजकुमार की शिकायत पर चांदनीबाग थाना पुलिस ने फर्जी फूड इंस्पेक्टर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिव्यांग मतदाताओं को सुविधाएं मिलेगी

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ई वी एम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा र ही हैं।

## ढाई प्रतिशत प्रति क्विंटल आढ़त देने की मांग

# मांगों को लेकर आढ़तियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- आढ़तियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया

हरियाणा स्टेट अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को मंडी के आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर रोष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रधान शिवकुमार संधाला के नेतृत्व में मंडी के आढ़तियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया।

आढ़तियों ने सरकार व प्रशासन से मांग की कि आढ़तियों का जो कमीशन ढाई प्रतिशत निर्धारित किया गया है, सरकार उनको पूरा कमीशन दे। किसानों के भुगतान के मूल्य को किसान की सहमति के अनुसार सीधा किसान को दिया जाए या किसान की सहमति से आढ़ती के माध्यम से भुगतान हो। हरियाणा प्रदेश की सीमांत मंडियों में सीमांत प्रदेश के किसानों की फसलों को भी सरकार द्वारा खरीदा जाए। क्योंकि यह मंडियां सिर्फ सीमांत प्रदेश के किसानों की वजह से विकसित की गई थी। इसलिए उनकी उपज में वहां बिकवाया जाए।

उन्होंने बताया कि जीएसटी व अन्य मार्केटिंग बोर्ड के गलत फैसले के कारण मंडियों में आढ़तियों को दिक्कतें आ रही हैं, उनको भी सुलझाया जाए। उन्होंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन पांच अप्रैल तक जारी रहेगा। यदि सरकार ने आढ़तियों से संवाद कर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

मौके पर जिला प्रधान शिवकुमार संधाला, अनाज मंडी जठलाना के प्रधान विनोद गर्ग, रमेश जठलाना, बलबीर बकाना, राजकुमार सैनी, राम कुमार कांजनू, पूर्ण चंद कांबोज व नरेश बुबका आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के रादौर मार्केट कमेटी कार्यालय के समक्ष मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते मंडी के आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

### आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**नारायणगढ़।** राज्य सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीदी जाने वाली सभी अनाजों को आढ़तियों के माध्यम से खरीदे जाने तथा अढाई प्रतिशत प्रति क्विंटल आढ़त देने की मांग को लेकर सोमवार को अनाजमंडी एसोसिएशन के सदस्यों ने मार्किट कमेटी कार्यालय के समक्ष दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया। आढ़तियों का कहना था कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसलों पर पिछले लगभग पच्चीस वर्षों से उन्हें अढाई प्रतिशत प्रति क्विंटल आढ़त मिलती आ रही है। दो वर्ष पूर्व भाजपा सरकार ने उसे काफी कम कर दिया। अब आढ़तियों को धान पर एकमुश्त 45 रुपये 88 पैसे प्रति क्विंटल तथा गेहूं पर 46 रुपये प्रति क्विंटल आढ़त देनी शुरू कर दी थी। इससे आढ़तियों में भारी रोष व्याप्त है। एसोसिएशन के प्रधान योगिंद्र मोहन ने बताया कि यह सांकेतिक धरना 5 दिन तक लगातार चलता रहेगा।



### कुरुक्षेत्र में आढ़तियों ने दिया सांकेतिक धरना

कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर मांगों को लेकर आढ़तियों ने थानेसर मार्किट कमेटी कार्यालय के समक्ष पांच दिवसीय धरना शुरू किया। आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आढ़ती मायाराम व हरविंद्र बंसल ने कहा कि आढतियों की मांग है कि किसानों की सभी फसलें जैसे कॉटन, सरसो, सूरजमुखी, बाजरा इत्यादि और अन्य सभी फसले सरकार द्वारा एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से ही खरीदी जाए और आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए जो कि गेहूं पर 53.125 रुपये व धान पर 55.075 रुपये बनती है , जबकि पिछले चार वर्षों से सरकार द्वारा गेहूं पर 46 रुपये और धान पर 45.88 रुपए फिक्स आढ़त दी जा रही है जो की बहुत कम है। पिछले 4 वर्षो से एमएसपी का भुगतान सीधे किसानों को दिया जाने लगा है। इससे आढ़तियों के साथ-साथ किसानों में बहुत रोष है।



नारायणगढ़। मार्केट कमेटी कार्यालय के समक्ष धरनारत आढ़ती।

# पहले दिन क्रय केंद्रों पर नहीं हुई गेहूं की खरीद



कुरुक्षेत्र। थानेसर अनाज मंडी में पसरा सन्नाटा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अनाज मंडी में पसरा रहा सन्नाटा
- आढ़ती बोले, अभी आवक शुरू होने में एक सप्ताह और लगने की उम्मीद

अनाज मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद सोमवार को शुरू हो गई। पहले दिन कोई भी किसान थानेसर की नई अनाज मंडी में गेहूं बेचने के लिए नहीं आया। आढ़तियों का कहना है कि अभी आवक शुरू होने में एक सप्ताह और लगने की उम्मीद है। अभी खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से पकी नहीं है। जिले भर के 23 क्रय केंद्रों पर पहले दिन काफी सन्नाटा रहा। अधिकारी दिन भर गेहूं आने का इंतजार करते रहे, लेकिन फसल नहीं पहुंची। विभाग की तरफ से गेहूं खरीद केंद्रों पर कांटा, बैनर, छलने के साथ -साथ शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था की गई है।

### जिले में 23 केंद्र बनाए गए

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता नियंत्रक मामले के अधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया कि जिले में 23 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन किसी भी केंद्र पर गेहूं की खरीद नही हुई। गत वर्ष 4.78 लाख मीट्रिक टन के करीब गेहूं खरीद की गई थी। इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन खरीदारी का लक्ष्य दिया गया है। जिला भर में करीब एक लाख 25 हजार हेक्टेयर में गेहू की फसल खड़ी है। अभी गेहू की पकाई में समय लगेगा। जिला भर की मंडियों में खाद्य आपूर्ति, हैफेड और वेयर हाऊस की ओर से खरीद की जाएगी।

# यमुना किनारे खड़ी गेहूं की फसल को उत्तरप्रदेश के किसानों से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- फसल की सुरक्षित कटाई के लिए पानीपत के किसानों ने पुलिस बल मांगा

यमुना नदी क्षेत्र में बसे गांव संजौली के ग्रामीणों ने बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल को ज्ञापन सौंपकर उनकी यमुना में खड़ी फसल कटवाने के लिए पुलिस सहायता उपलब्ध करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में संजौली के ग्रामीणों ने बताया कि उनकी ज्यादातार जमीन यमुना के अंदर है। जिसमें उन्होंने फसल उगाई हुई है। अब उनकी फसल कटाई के लिए तैयार है पर उन्हें अंदेशा है कि उनकी फसल कटाई के समय उनके सामने यूपी के गांव टांडा के ग्रामीण दंगा कर सकते हैं क्योंकि ऐसा पहले भी फसल कटाई के समय कई बार हो चुका है। इसलिए वह मांग करते हैं कि उनकी फसल की कटाई के समय उन्हें पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि वह अपनी फसल को काटने के बाद सुरक्षित घर ला सकें। ज्ञापान सौंपने वालों में संदीप, रामबीर, सुरेश, श्याम सिंह, ऋषिपाल, भीम सिंह, अजमेर, सुशील कुमार, ओमपाल, श्रीपाल, इलम सिंह, पवन व सोम पाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल को ज्ञापन सौंपते हुए किसान।

# सीवर के पानी का ट्रीटमेंट के बाद भी सदुपयोग नहीं हो रहा

## पानीपत में प्रति दिन सात करोड लीटर पानी नहर में बहाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- धरातल पर प्रयास हो तो शोधित पानी का प्रयोग खेती आदि में हो सकता है

नगर निगम ने हाल ही में करीब 80 करोड़ खर्च कर दो 40 एमएलडी के नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू किए हैं। इनमें से रोजाना करीब चार करोड़ पानी का शोधन होता है। जबकि पुराने चार अन्य एसटीपी को भी मिला जाए तो रोजाना 70 एमएलडी की क्षमता वाले छह एसटीपी करीब सात करोड़ लीटर जल शोधित कर रहे हैं। करोड़ों खर्च करने के बाद भी इस जल को दोबारा इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से इसे ड्रेन नंबर दो में डाला जा रहा है। जबकि इस पानी का इस्तेमाल बागवानी, सिंचाई, दमकल और उद्योग जगत में किया जा सकता है। उपरोक्त स्थिति से करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी करोड़ों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इंडियन ऑयल से लेकर सिंचाई और उद्योग अलग अलग मानकों पर आधारित पानी की डिमांड करते हैं, जो उनके उपयोग के लिए सार्थक हों। निगम जिस गंदे पानी को शोधित कर रहा है वह उन मानकों पर खरा नहीं है। अब अधिकारी मांग के अनुसार मानकों के आधार पर पानी के शोधन की तैयारी कर रहे हैं। इधर, नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि पहले रिफाइनरी को शोधित पानी देने का प्लान बनाया गया था। इसकी गुणवत्ता चेक करवाई तो रिफाइनरी के मानकों के अनुसार पानी नहीं मिला। जो पानी रिफाइनरी को अपने उपयोग के लिए चाहिए उसके लिए इस शोधित पानी को 80 प्रतिशत तक और शोधित करना पड़ेगा। वहीं, सिंचाई विभाग ने इस पानी को सिंचाई के लिए उपयोग करने से मना कर दिया है। सिंचाई विभाग के अनुसार इस पानी में सिंचाई के लिए योग्य जीवाणु या केमिकल मौजूद नहीं हैं। इसके लिए अलग से प्लांट लगाकर उनकी योग्यता अनुसार पानी का शोधन करना होगा। दूसरी ओर सरकार के निदेर्शों पर नदियों को बचाने के लिए और एनजीटी की गाइडलाइन को पूरा करने के लिए शोधित पानी को अब ड्रेन के माध्यम से यमुना में डाला जा रहा है।

### नई तकनीक का हो सकता है इस्तेमाल : जेई

नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता अजय छोक्कर ने बताया कि नगर निगम के छह एसटीपी से रोजाना करीब सात करोड़ लीटर पानी को शोधित किया जा रहा है। अब इसे एनजीटी के नियमानुसार ड्रेन नंबर दो के माध्यम से यमुना नदी में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल, सिंचाई विभाग और उद्योग जगत के मानकों के आधार पर पानी को शोधित करने का प्रयास है। जिसके लिए नई तकनीक और प्लांट भी लगाए जा सकते हैं।

# साइबर ठगी करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल से लोगों के साथ साइबर ठगी करने वाले युवक थाना प्रतापनगर के गांव भूडकलां निवासी इंतजार को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिस मोबाइल में सिम चला रहा था। उस नंबर की शिकायत पोर्टल पर दर्ज थी। जिसके आधार पर आरोपी को पकड़ा गया। साइबर क्राइम थाना में दर्ज केस के अनुसार, भारतीय साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल पर भारत में साइबर अपराध करने वाले संदिग्ध अपराधियों के मोबाइल नंबरों को दर्शाया जाता है। इस पोर्टल पर एएसआई इमतियाज अली संदिग्ध अपराधियों के बारे में जानकारी ले रहे थे। तभी पता लगा कि संदिग्ध मोबाइल नंबर उनके एरिया में सक्रिय है। इस नंबर की एक शिकायत पंजाब के लुधियाना से मिली हुई है। पुलिस ने टीम को गठन करके लोकेशन के आधार पर भूडकलां पहुंची। जिसके बाद पुलिस टीम ने मोबाइल नंबर का प्रयोग कर रहे भूडकलां निवासी इंतजार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने उसके पास से मोबाइल कब्जे में लिया। जांच में पता लगा कि आरोपी ने इस मोबाइल का प्रयोग कर लोगों के साथ साइबर ठगी की है।

# पानीपत पुलिस की 77 टीमों ने छह घंटे में 66 आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- 2 आरोपियों को 2 अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया

पानीपत पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दंबिस देकर आपराधिक मामलों में संलिप्त 66 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला में आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 77 टीमें गठीत कर जिसमे कुल 287 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे। सभी टीमें रविवार सुबह 6 बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी। इधर, अभियान के तहत 17 आरोपियों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत 17 अभियोग दर्ज किए गए इनसे 243 बोतल अवैध शराब बरामद की गई, सट्टा खाईवाली कर रहे 6 आरोपियों को दाव पर लगी 19310 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर गैम्बलिग एक्ट के तहत 6 अभियोग दर्ज किए, 3 आरोपियों को 73 ग्राम स्मैक व 440 ग्राम सुल्फा सहित गिरफ्तार कर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 3 अभियोग दर्ज किये, 2 आरोपियों को 2 अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज किये। 6 पीओ व 3 बेल जंपर आरोपी गिरफ्तार किए।

### अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी: अजीत



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की धरपकड़ के लिये जिले में समय-समय पर ऑपरेशन आक्रमण जैसे अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेंगे। अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, अपराध शाखा, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 नंबर पर दे। सूचना देने वाले की पहचा पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी, वही आरोपियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जाएगी।

# शादी का झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म

यमुनानगर। महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रणजीतपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2019 में उसकी शादी हुई थी। करीब एक वर्ष के बाद उसने अपने पति से तलाक ले लिया। इसके बाद उसकी गांव चुड़ियाला निवासी रोहित से उसकी मुलाकात हो गई। इस दौरान आरोपी रोहित ने उसे शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ करीब एक साल तक दुष्कर्म किया। करीब डेढ़ वर्ष तक वह रोहित के साथ रिलेशनशिप में रही। उसने रोहित को बार बार शादी करने के लिए दबाव बनाया। मगर वह हर बार टालमटोल करने लगा। परेशान होकर उसने आरोपी पर दबाव बनाकर शादी करने पर जोर दिया तो उसने उसके साथ शादी करने से साफ मना कर दिया। उसने आरोपी की पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी रोहित के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

**भरोसा दिया**

## ओलावृष्टि व बरसात में खराब हुई गेहूं की फसल के नुकसान का लिया जायजा

अधिकारियों को फसलों के नुकसान की भरपाई करने के लिए दिए दिशा निर्देश

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने सोमवार जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव ताहरपुर में दौरा कर गत दिनों बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई गेहूं की फसल के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को उनकी फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए भरोसा दिलाया।

कृषि मंत्री कंवरपाल सोमवार सुबह सरकारी अमले के साथ गांव ताहपुर में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर गत दिनों हुई ओलावृष्टि से खराब हुई गेहूं की फसल के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को फसलों के नुकसान की भरपाई करने के लिए दिशा निर्देश दिए। कृषि मंत्री कंवरपाल ने किसानों को भरोसा दिलाया कि गत दिनों ओलावृष्टि होने से खराब हुई गेहूं की फसल के नुकसान की सरकार भरपाई करेगी। इसके लिए किसानों को चिंतित होने की जरुरत नहीं है।



यमुनानगर में जगाधरी के गांव ताहरपुर में ओलावृष्टि में खराब हुई गेहूं की फसल के नुक्सान का जायजा लेते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

### पोर्टल को खुलवा दिया गया

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए हमेशा तत्पर है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि क्षति पूर्ति पोर्टल को लेकर आ रही समस्या को दूर करवा दिया गया है। पोर्टल को खुलवा दिया गया है। कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं बनाई हैं। जिनसे किसानों को लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश में सभी वर्गों के लिए लाभकारी योजनाएं लागू हुई हैं। जिनसे लाखों लोग लाभ ले रहे हैं। मौके पर कृषि अधिकारी व पटवारी मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र विवि ने अंतरराष्ट्रीय युवा उत्सव में प्राप्त किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित 37वें अंतरराष्ट्रीय युवा उत्सव जिसका आयोजन पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना पंजाब में किया गया था में तीसरा स्थान हासिल करने पर सांस्कृतिक दल को हार्दिक बधाई दी। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के यूटीडी व पानीपत आर्य पीजी कॉलेज के छात्रों ने प्रोसेसन, लाईट वोकल, हिंदी नाटक, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी में प्रथम स्थान, फॉक ऑरकेस्ट्रा, वेस्टर्न वोकल सोलो, माईम, रंगोली, एलोकेशन द्वितीय स्थान, भारतीय समूह गीत, एकल शास्त्रीय स्वर वाद्य, कोलॉज, क्ले मॉडलिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



सांस्कृतिक दल खुशी का इजहार करते हुए।

## खबर संक्षेप

### सौंकडा रोड़ पर बार बार जाम से लोग परेशान

**करनाल।** निवासी ओवरब्रिज पर, सौंकडा रोड़ पर बार बार जाम लगने से काफी परेशान है। शहर के लोगों ने कई बार जाम को लेकर पुलिस मे शिकायत भी की है लेकिन इस समस्या कोई हल नही निकला। तरावड़ी रेलवे ओवरब्रिज से करनाली गेट चौक तक सडक़ के दोनों ओर वाहनों की अवैध पार्किंग के चलते दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी होती है।

### त्रिलोचन सिंह पंजाबी बिरादरी भवन के सरंक्षक नियुक्त

**करनाल।** सामाजिक, धार्मिक और राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय त्रिलोचन सिंह को पंजाबी बिरादरी भवन सेक्टर नौ का संरक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे थे। पंजाबी बिरादरी भवन सेक्टर नौ (रजि.) के चेयरमैन और प्रधान राजेंद्र राजपाल ने त्रिलोचन सिंह की नियुक्ति की है। अपनी नियुक्ति पर त्रिलोचन सिंह ने प्रधान सहित तमाम पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सभी 36 बिरादरियों का दिल से सम्मान करते हैं।

### लडकियों मे शिक्षा निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका

**करनाल।** संत दुर्बलनाथ सभा समस्त खटिक समाज के द्वारा काली माता की पाठ कार्यक्रम के अवसर पर काली माता व संत दुर्बलनाथ जी की शोभा यात्रा निकाली गयी। इस शोभायात्रा का शुभारंभ बाँसो गेट से किया गया व शोभायात्रा का समापन काली माता मंदिर करण ताल पर किया गया। इस मौके पर भंडारा वितरित भी किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट संगीता मोघा मौजूद रही। संगीता मोघा ने इस अवसर पर समाज के लोगों को लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढने के लिए प्रैरित करते हुए कहा समाज के लोगों को चाहिए उन्होंने कहा कि लडकियों की शिक्षा कम उम्र से ही शुरू होनी चाहिए। इसलिए, लड़कियों की शिक्षा का महत्व एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सभी को लेना जरूरी: सुनील

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी द्वारा आमजन के लिए प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग तथा होम नसिंर्ग की ट्रेनिंग करवाई जाती है। इस प्रशिक्षण को 18 वर्ष की आयु के बाद कोई भी कर सकता है। भारत ही नही विदेशों में भी इस ट्रेनिंग कोर्स का बहुत महत्व है। इसी कड़ी में सोमवार फर्स्ट एड ट्रेनिंग कोर्स के विद्यार्थियों को किरण कश्यप लेक्चरर फर्स्ट एड द्वारा रेड क्रॉस की महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### किडजी स्कूल में हवन के साथ सत्र का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी विद्यालय सेक्टर- 3 में सोमवार को सनातन संस्कृति के अनुरूप वैदिक विधि विधान से हवन करवाकर नए सत्र का प्रारंभ किया गया। शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने भी आहुतियां दी। हवन का आरंभ विघ्नहर्ता श्रीगणेश के पूजन से हुआ। इसके बाद सरस्वती पूजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

---

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की बैठक का आयोजन

# करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत लोग हो रहे जागरूक : नरेंद्र अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत लोगो को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है और लोग जागरूक हो रहे हैं। नरेंद्र अरोड़ा फाउंडेशन द्वारा आयोजित टॉप लीडर्स मीट में बोल रहे थे। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स मीट का आयोजन डा. मंगल सेन ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें फैशन आइकॉन तरुण कपूर, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर एंव युवा उधमी वरुण कुमार गोयल, इंटरनेशनल डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने की।



करनाल। डा. मंगल सेन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व टॉप लीडर्स। फोटो :हरिभूमि

इस अवसर पर टॉप टीम लीडर्स सुनीता गुप्ता, डॉ निशा गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, फिरदौस अली, अनिल कुमार मलिक, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, शैलजा गुप्ता, राजेंद्र कुमार, सावी चौधरी, सर्वजीत सिंह, मोती राम गर्ग, वैभव गर्ग, गुलशन कुमार शर्मा, अनुज कौशिक, राकेश कुमार, जय कुमार, हरजीत कौर, अभिषेक मल्होत्रा, तमन्ना, सीमा ललित, पंकज कुमार को अचीवमेंट गिफ्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों जिनमें तरुण कपूर, वरुण कुमार गोयल, विनोद गुप्ता, संजय सिंगला, एन डी गोयल व मुनीश कुमार को मेम्बरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी टॉप लीडर्स का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अधिवक्ता बिक्रम चौधरी, अजीत राही, सतीश मल्होत्रा, अनीता रही, शशि शर्मा, राजेश खन्ना, दीपा खन्ना, किशन कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इंटरनेशनल प्रेजिडेंट डॉ निशा गुप्ता ने आभार प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

---

# करनाल की वैष्णवी को मिला नेशनल बेस्ट सेलर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरुग्राम के अपेरल हाउस में आयोजित राष्ट्रीय युवा लेखक मेले में करनाल की होनहार बेटी वैष्णवी थपलियाल को नेशनल बेस्ट सेलर अवार्ड से नवाजा गया। आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा वैष्णवी ने रिमझिम सेलेस्टीयल सिम्फनी पुस्तक लिखी है, जिसके लिए उन्हें यह अवार्ड मिला। देशभर में उन्हें 42वां रैंक मिला। यह राष्ट्रीय युवा लेखक मेला




ब्री बुक्स पब्लिकेशन की ओर से आयोजित किया गया। ब्री बुक्स पब्लिकेशन के अधिकारियों ने कहा कि यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को उनकी रचनात्मक क्षमता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करें। हमें एक निःशुल्क मंच प्रदान करने पर गर्व है जहां ये युवा दिमाग अपनी कहानियां दुनिया के साथ साझा कर सकते हैं।

---

# वोट डालने के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार

**करनाल।** एनआईसी हरियाणा की ओर से 18वें लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर इस बार एक अनूठी मोबाइल ऐप और वेबसाइट तैयार की है, जिसका प्रयोग कर मतदाता पोलिंग बूथ पर लगी मतदाताओं की लाइन के बारे में जानकारी हासिल कर अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने के लिए बूथ पर जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से एनआईसी द्वारा बनाए गए एप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस एप को वोटर्स-इन-क्यू का नाम दिया गया है। इसी एप की ईक्यूएमएसएचआरवाई.एनआईसी.इन के नाम से वेबसाइट भी बनाई गई है। फिलहाल इस वोटर्स एप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब अढाई दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में यह बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में लगे हुए हैं।

---

# पंजाबी लोककथाओं और शादियों के गीतों का स्मरण कराता है नी भाभी

**करनाल।** फोल्किन रानी ईपी से पंजाबी संगीत उद्योग को मंत्रमुग्ध करने के बाद, पंजाबी पॉप सेंसेशन, सिमरन चौधरी अपना नया एकल, नी भाभी लेकर आई हैं। यह ट्रैक पुरानी पंजाबी लोककथाओं और शादियों के गीतों/किस्सों का स्मरण कराता है। अपनी संक्रामक बीट और चुलबुले बोलों के साथ, यह ट्रैक इस साल का सबसे अच्छा डांस-फ्लोर नंबर बन जाएगा। लाइव इंस्ट्रुमेंटल बैकड्रॉप में स्थित नी भाभी में एक देवर की उत्साह से भरी कहानी का चित्रण किया गया है, जो अपनी भाभी से अपनी प्रेमिका को प्रभावित कैसे करें, यह पूछ रहा है। चुलबुली लय और लहरदार धुन के साथ इस गीत में देवर और भाभी के बीच के रिश्ते और दोस्ती का सार पेश किया गया है।इसकी कहानी में गहराई और तल्लीनता का बेमिसाल मिश्रण कंपोजर और लिरिसिस्ट राजा ने किया है और दमदार आवाज एडेन की है, जिन्होंने ट्रैक को प्रोड्यूस भी किया है। इन तीनों ने इस गीत के जरिए सदियों पुरानी पंजाबी परंपराओं को आधुनिक रूप में जीवंत किया है।नी भाभी की रिलीज के बारे में गायिका सिमरन चौधरी ने कहा, "नी भाभी मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा। इस ट्रैक में देवर और भाभी के बीच नोकझोंक और दोस्ती का अनूठा बंधन पेश किया गया है। । मैं इस ख़ुशनुमा ट्रैक को श्रोताओं द्वारा सुने जाने के लिए उत्सुक हूँ।

---

# अयोध्या में राममंदिर की नींव का मतलब देश में राम राज्य

■ पूर्व मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की गारंटियां बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

पूर्व मुखयमंत्री व करनाल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर की नींव रखने का मतलब है कि देश में राम राज स्थापित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि केंद्र में बड़े बहुमत के साथ भाजपा की तीसरी बार सरकार बने, ताकि देशहित ओर अच्छे फैसले लेकर देश को विकसित करने का काम किया जा सकें। उन्होंने दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली पर बोलते हुए कहा कि वें लोग ऐसे व्यक्ति का समर्थन कर रहे है, जो भ्रष्टाचार में सम्मिलित है। अगर इसी प्रकार गठबंधन की रैली होती रही तों उनके पास जो बचा है, वह भी खत्म हो जाएगा। पूर्व मुखयमंत्री मनोहर लाल जीटी रोड पर स्थित एक़ निजी वेंकेट हाल में कार्यकर्त्ता सम्मलेन में सम्बोधित कर रहे थे। जहाँ पर उनका करनाल लोकसभा चुनाव के संयोजक व विधायक हरविंदर कल्याण, सांसद संजय भाटिया, निर्मला बैरागी,जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, नपा चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने पगड़ी व गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया। इस मौके पर जजपा के राष्ट्रीय सचिव बलजीत सिंह ने जजपा छोड़कर भाजपा का दामन थामा । जिसको पूर्व मुखयमंत्री मनोहर लाल ने पार्टी का पटका पहना कर भाजपा में शामिल किया। पूर्व मुखयमंत्री व भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि उनको भाजपा में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। वही पूर्व सीएम ने विधायक हरविंदर कल्याण को सहनशील विधायक बताते कहा कि उनकी सरकार एक़ अच्छी भूमिका रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि पुरे प्रदेश की जनता उनका परिवार के सदस्य है ओर उन्होंने सवा नौ साल में हर वर्ग के हित में काम करने का प्रयास किया है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की कोई नीति व विचारधारा नहीं है, वह केवल परिवारवाद की पार्टी है। उन्होंने कहा भाजपा समर्पण भाव की पार्टी है ओर इस पार्टी में त्याग भावना से काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं मुखयमंत्री पद, सांसद संजय भाटिया ने अपनी लोकसभा से त्याग कर दिया। ऐसे बहुत भाजपा में उदाहरण है।करनाल लोकसभा के जिला संयोजक व घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि 2014 से पहले विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से पिछड़ा हुआ था, लेकिन आज विधानसभा प्रदेश में हुए विकास कार्यों में अव्वल दृष्टि में गिना जाता है।

#### घरौंडा से जुडी यादो को किया सांझा

पूर्व मुखयमंत्री मनोहर लाल ने घरौंडा से जुडी पुरानी यादो को याद करते हुए कहा कि उनका घरौंडा व कार्यकर्त्ताओ काफ़ी लगाव है। उन्होंने कहा कि घरौंडा से 1996 में पहली बार भाजपा से रमेश कश्यप विधायक बने थे ओर वें संगठन के कार्यों से जुड़े थे, उनको किसी कारण से मारुती कार मिल गई थी, लेकिन उनके पास ड्राइवर नहीं था तों रमेश कश्यप में संयोग से गांव कैमला से रमेश ही ड्राइवर दिया। पूर्व मुखयमंत्री ने काफ़ी कार्यकर्त्ताओ के नाम लेकर उनसे जुडी पुरानी बातों को भी ताजा किया। जिससे कार्यकर्त्ताओ के चहेरे खिल उठे।

---

# सूर्योदय के समय जो करोगे सूर्य देव को नमस्कार, जिंदगी में मिलेगी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी जी के नेतृत्व आज का सूर्य नमस्कार विशेष सत्र फव्वारा पार्क सेक्टर 12 से संचालित किया गया। शरीर को लचीला बनाने के लिए सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास बेहद जरूरी है। सूर्य नमस्कार की शुरुवात गुलाटी जी ने की उसके बाद सभी शिक्षकों एवं साधकों ने सूर्य नमस्कार का शानदार अभ्यास करवाया।सूर्य नमस्कार का मतलब भगवान सूर्य को नमस्कार करना है।सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है।यह अकेला अभ्यास ही साधक को सम्पूर्ण योग व्यायाम का लाभ पहुंचाने में समर्थ है।इसके अभ्यास से साधक का शरीर निरोग,स्वस्थ होकर तेजस्वी हो जाता है।यह आपको एकसाथ 12 योगासनों का फायदा देता है।सूर्य नमस्कार अभ्यास के दौरान 12 बार भगवान सूर्य को 12मुद्राओं में नमस्कार किया जाता है,जिसमे हर मुद्रा के दौरान अलग अलग मंत्रो का प्रयोग किया जाता है।इस प्रकार हम 12 मंत्रो के साथ 12 मुद्राओं में भगवान सूर्य को नमस्कार करते है।इस अवसर पर योग शिक्षिका नीलम बटला साधकों में रिंकी जैन,निर्मला,रमा चौटानी,पूजा कथूरिया, रीतू,राहुल गेरा,अनुज जैन,मेहर सिंह, विक्की,अजय कंबोज और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

---

# राजयोग द्वारा मन की शांति संभव : भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजयोग द्वारा अपने कर्मेनद्रियों पर संयम कर कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं जिससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वंम को बचा सकते हैं। मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचने का राजयोग एक कवच कुंडल हैं। राजयोग के द्वारा हम अपने इंद्रियों पर सयंम रखकर अपने मनोबल को बढा सकते हैं। राजयोग





द्वारा आंतरिक शक्तियाँ और सद्गुण को उभार कर जीवन में निखार ला सकते हैं। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे सदर बजार में स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को राजयोग का जीवन में महत्व विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चाँद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं।

#### 5000 स्कूलों व जेलों में पढ़ाया नैतिकता का पाठ

बीके रंजना बहन ने बीके भगवान भाई का परिचय देते हुए कहा कि भगवान भाई ने 5000 से अधिक स्कूलों और 800 से अधिक जेलों (कारागृह) में अपराध मुक्त हेतु नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया है। जिस कारण उनका नाम इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी दर्ज हो चूका है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र करनाल सदर बजार की संचालिका बीके किरण बहन ने ईश्वरीय महावाक्य सुनाए और कहा राजयोग को अपनी दिनचर्या का अंग बना लो, तो विपरीत परिस्थितियों में राजयोग हमे तनाव मुक्त रखने में बहुत ही मद्दगार बनेगा।

---

# भारत विकास परिषद् ने किया भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भारत विकास परिषद्, घरौंडा द्वारा धार्मिक सेवा के अंतर्गत भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला के कुशल नेतृत्व एवं सुन्दर मार्गदर्शन में समापन सत्र पर शिव मंदिर रेलवे रोड घरौंडा पर आयोजित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभु स्तुति आरती एवं प्रभु को भंडारे प्रसाद का भोग अर्पित करके किया गया तत्पश्चात भंडारा शुरू किया गया लगभग 3 घंटे चले भंडारे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया शाखा के सदस्यों एवं पूर्व अध्यक्षों ने अपने हाथों से



घरौंड। शाखा के सदस्य प्रशाद वितरित करते। फोटो :हरिभूमि

प्रसाद वितरण कार्य किया तथा साथ ही सफाई का भी विशेष ध्यान रखा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने वक्तव्य में कहा कि परिषद् समाज से जुड़े हर कार्यों में सदैव अग्रणीय व गतिमान रहते हुए अपने पांचों सूत्रों पर कार्य करती है जिसके अनुसार शाखा द्वारा नगर की सुख शांति और समृद्धि के लिए भंडारे एवं प्रसाद वितरण का अयोजन किया गया भंडारे के इस सुंदर कार्यक्रम के लिए नगर के आमजनों ने शाखा की प्रसंशा करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद् घरौंडा एक मात्र ऐसी संस्था है जो निरंतर समाज के लिए प्रत्येक दूसरे या तीसरे दिन अलग अलग कार्य करती रहती है शाखा से जुड़ा प्रत्येक सदस्य कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ है।इस सुंदर और सुनियोजित कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख पंडित अनिल शास्त्री एवं अरुण धीमान रहे।

---

# महिलाओं को बताएं अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय सद्भावना संघ कुजंपुरा ने गांव कुंडा कला में महिलाओं, बच्चों व पुरूषों को लेकर गांव के स्कूल प्रांगण में सेमिनार का आयोजन संत प्रेम पाल सागर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सद्भावना संघ अध्यक्ष राजपाल राजन, सदस्य गुरविंदर कौर गुरी व रामेश्वर देव करनाल ने हिस्सा लिया जिसमें गुरविंदर कौर गुरी ने महिलाओं के अधिकारों व सशक्तिकरण पर अपनी बात रख महिलाओं को जागरूक किया। रामेश्वर देव ने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ, बाल विवाह, व बच्चों की सुरक्षा को




करनाल। संबोधित करते हुए संत प्रेमपाल सागर। फोटो :हरिभूमि

लेकर प्रकाश डाला। सेमिनार के अध्यक्ष संत स्वरूप प्रेम पाल सागर ने समाज में सौहार्द, भाईचारे, पर प्रकाश डाला व साथ ही साथ नशें से दूर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज मिलकर रहे तभी देश का विकास सम्भव है। भारतीय सद्भावना संघ के अध्यक्ष राजपाल राजन ने कहा कि यह संस्था पिछले चार वर्षो से समाज में प्यार, सद्भावना आपसी भाईचारे को लेकर निरन्तर काम कर रही है। कार्यक्रम में विजय व सैकड़ों ग्रामीण हिस्सा लिया।

---

# पीएम मोदी ने देश को ऊंचाइयों पर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुरुक्षेत्र भाजपा के प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता विकास के दम पर जनता के बीच जा रहे हैं। जनता भी भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव में जीत दिलाने के लिए कमर कस चुकी हैं। जगमोहन आनंद सरदार पटेल हॉलसेल क्लॉथ मार्किट में कपड़ा व्यापारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से



करनाल। बैठक को संबोधित करते जगमोहन आनंद। फोटो :हरिभूमि

प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के विकास में बाधक बनती रही है। पीएम मोदी के कार्यकाल में देशभर में विकास की गंगा बही है। यही कारण है कि पीएम मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में इस पार भाजपा चार सौ पार का नारा साकार करेगी। इस अवसर पर मार्कीट के प्रधान योगेश भुगड़ा, हरीश त्रिखा, राकेश मित्तल, सुरेश बिंदल, अशोक भाटिया, अनिल गुप्ता, केवल अरोड़ा, पवन मित्तल रहे।

---

### नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने स्वच्छा गृहीयों को दी ट्रेनिंग

# जन जागरूकता को लेकर बनाए 5 स्वच्छता चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की ओर से अनेक तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्रालय की ओर से दिए गए घटकों पर काम किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चालू स्वच्छ



करनाल। स्वच्छा गृहियों को प्रशिक्षण देते ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह।

सर्वेक्षण को लेकर, नगर निगम करनाल द्वारा बीते शनिवार को 5 स्वच्छता चैम्पियन बनाए गए हैं। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने जानकारी देते बताया कि संदीप लाठर, राजीव वधवा, खालसा कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. बीर सिंह, गीता कीतर्न मंडली स्वयं सहायता समूह उचानी से गीता देवी तथा लड्डू गोपाल स्वयं सहायता समूह दहा से गुलशन काम्बोज को स्वच्छता चैम्पियन बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी स्वच्छता चैम्पियन अलग-अलग एन.जी.ओ., रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन, मार्किट एसोसिएशन तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता चैम्पियन नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपना सक्रिय योगदान देंगे। शहर वासियों को कूड़ा पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा विभिन्न तरह के जन जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि रविवार को नगर निगम एवं सुगम स्वच्छता एजेंसी की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने कूड़ा एकत्र करने वाले टिप्परों के चालक और सहायक जैसे स्वच्छा गृहीयों को ट्रैनिंग दी।

## खबर संक्षेप

### आढ़तियों के माध्यम से हो सरसों की खरीद

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला केंद्र की तरफ से ब्यान जारी करते हुए जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक और जिला सचिव राजपाल ने अनाज मंडी आढ़तियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि खरीद पोर्टल प्रणाली बंद हो। आढ़तियों के माध्यम से सरकार द्वारा फसल के किए गए तय मूल्य के अनुसार बिना शर्त खरीद की जाए। समर्थन मूल्य से कम पर किसानों से सरसों की खरीद के द्वारा की जा रही लूट को तुरंत बंद किया जाए। किसान नेताओं ने पानीपत अनाज मंडी का दौरा करते हुए जिला केंद्र की बैठक की और अखिल भारतीय किसान सभा की तरफ से मांग कि आढ़तियों की यूनियन से तुरंत बात कर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

### बतरा कॉलोनी में पड़ोसी के दांत तोड़े

**पानीपत।** पानीपत की बतरा कॉलोनी में रमेश के घर में घुस कर लक्ष्मण बैरागी व उसके दो पुत्रों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में रमेश के दांत टूट गए। रमेश की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने लक्ष्मण व उसके दो पुत्रों पर आईपीसी की धारा 323, 325, 506 व 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की राह

**पानीपत।** पानीपत की वधावाराम कॉलोनी स्थित प्रिंस पब्लिक स्कूल में बच्चों के एनुअल फंक्शन और स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजय जैन रहे। स्कूल के महाप्रबंधक चंद्रभान मेहंदीरत्ता व स्कूल प्रिंसिपल आशा मेहंदीरता और स्कूल स्टाफ ने विजय जैन का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं जैन ने कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है।

### मनोहर के लिए प्रचार करेगा संघ

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राईम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का समर्थन करने व उनके पक्ष में प्रचार करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर दीपक मित्तल, राम अवतार शर्मा, देवेन्द्र राणा एडवोकेट, मांगेराम मलिक, दिनेश शर्मा कुराना, वेदपाल मराठा, स.जगजीत सिंह, देवेन्द्र, परमजीत जागलान, सोहन लाल अहर, प्रियंका शर्मा, अश्वनी कुमार, संदीप कुमार आर्य, रामपाल प्रजापत, राजबीर सिंह, विकास पांडे, सुखबीर सैनी व राजेश वर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### समागम का शुभारंभ दो अप्रैल से

**पानीपत।** गुरुद्वारा संत भाई नारायण सिंह में सालाना गुरुमत महा समागम 2 से 10 अप्रैल तक मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गुरुद्वारा के सेवादार जितेंद्र नारंग व सरदार सतनाम सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक नाम सिमरन सुबह 5:15 से 6:30 तक होगा। वहीं 7 अप्रैल को सुखमणि साहिब सेवा समिति सुबह 5 से 9 बजे तक तथा 8 अप्रैल को कथा व कीर्तन शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक। जबकि 9 अप्रैल को महान कीर्तन दरबार शाम 7 से रात 10 बजे तक होगा। इसके अलावा 10 अप्रैल सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे तक सत्संग समागम होगा।

### सिविजल एप पर शिकायत दें

**पानीपत।** पानीपत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए सिविजल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन की शिकायत अब आम नागरिक भी इस पर दर्ज करवा सकता है। सिविजल एप के लिए कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड कर सकता हैं, जहां पर भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना होती है तो उसकी वीडियो बनाकर या फोटो खींचकर भेज सकता हैं।

## अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने हवन में आहुति डाली

# यज्ञ के साथ स्कूलों में नव शिक्षा सत्र का हुआ शुभारंभ

प्रधान रणदीप आर्य ने पूरे स्टाफ व विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल ने वार्षिक सत्र की शुरूआत स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करके सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने हवन में आहुति डाली और बच्चों से भी आहुति डलवाई। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने प्राचार्य सत्यवान मलिक समेत पूरे स्टाफ व विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं सभी बच्चे नए सत्र में पिछले सत्र की जो कमी रही है उन सब को भूलकर अथवा दूर करके नई ऊर्जा और नए जोश के साथ अनुशासन में रहते हुए बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मालिक भी उपस्थित रहे। इधर, विद्या भारती


**पानीपत।** राजकीय स्कूल काबडी में यज्ञ में आहुति डालते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारीगण। *फोटो: हरिभूमि*


**पानीपत।** राजकीय स्कूल महराणा में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए डीईईओ राकेश बूरा आदि। *फोटो: हरिभूमि*

माडर्न स्कूल खादी आश्रम में नए सत्र 2024-25 आरम्भ करने से पहले यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा संजय शास्त्री ने मंत्रोच्चारण व पूरे विधि विधान के साथ यज्ञ करवाया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर निर्मल दत्त मुख्याध्यापिका मीनाक्षी व अन्य सभी अध्यापकगण द्वारा भी यज्ञ में आहुति डाली गई। वही, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काबडी में प्रवेश उत्सव मनाया गया व हवन यज्ञ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डीईओ कुलदीप सिंह दहिया रहे। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ.रविंद्र डिकाडला, एसएमसी प्रधान कविता, प्राइमरी मुख्य अध्यापक महेंद्र, जयपाल शर्मा, मुकेश शास्त्री, अनंत राम,विकास, सुनील, विनय अंतिल, सुनीता, सोनू, मोनू, पूजा, अनामिका, संदीप मेहरा व प्रवीन आदि उपस्थित रहे।दूसरी ओर, राजकीय मिडल स्कूल महाराणा में आज प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डीईओ राकेश बूरा रहे और बीईओ डा. सुनीता कादियान ने अध्यक्षता की। स्कूल मुखिया नीता ने उनका स्वागत किया। प्रवेश उत्सव के शुभारंभ पर जो बच्चे प्राइवेट स्कूलों में से राजकीय मिडल स्कूल में दाखिला लेने के लिए आएं उनको राकेश बूरा ने फूल माला पहनाकर और डा. सुनीता कादियान ने तिलक लगाकर स्वागत किया और बच्चों को किताबें बांटी। इधर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जालपाड़ खंड बापौली में छठी कक्षा में छात्रों को प्रवेश देने हेतु प्रवेश उत्सव मनाया गया। वही, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 6 में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों का तिलक, मिष्ठान व फूलों के द्वारा स्वागत किया गया। इधर, राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला नांगल खेड़ी मे प्रवेश उत्सव मनाया गया।

# मतदान कर प्रजातंत्र को मजबूत करें

- हमें अपने वोट का सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** पूठार में ग्रामीणों को वोटिंग के प्रति जागरूक करते हुए रंजीता कौशिक।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष लोकतंत्र है। वही लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इसेभव्य तरीके से मनाने को मतदाता, मतदान वाले दिन शत प्रतिशत वोटिंग कर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करें। यह कहना है फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक का। वह इन दिनों क्षेत्र में लोगों को चुनाव में वोट करने के प्रति जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। उन्होंने जिले के गांव पूठर में एक वोट देश के लिए के तहत लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पूरा देश मतदान के रंग में रंगा हुआ है। हमें वोट का अधिकार मिला हुआ है। हमें अपने वोट का सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। हमें अच्छी व ईमानदार व्यक्ति का चयन करना चाहिए ताकि वह पूरे पांच साल देश के विकास में योगदान दे। उन्होंने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि हमें ऐसी प्रत्याशी का चयन करना चाहिए जो जनता की बात सुनता हो जनता के कार्य करता हो जो भेदभाव नहीं करता हो, जाति वर्ग से दूर हो ,शिक्षित हो व समाज में जिसकी अच्छी छवि हो। इस अवसर पर मास्टर सीताराम, सूरजभान, सत्यवान पंडित, जगदीप, नन्हा, जगदीश, काला मिस्त्री, कृष्णा, मोनी, इंद्रा, सरोजबाला आदि मौजूद रहे।



## श्रद्धालुओं को लेकर श्री राम जानकी परिवार की बस अयोध्या रवाना

**पानीपत।** श्री राम जानकी परिवार द्वारा अयोध्या जी, बनारस, चित्रकुट धाम, प्रयागराज के लिए एक बस अंसल ज्ञानेश्वर मंदिर से रवाना हुई। जिसे मुख्य अतिथि जगमहेंद्र गोयल ने झंड़ी दिखाकर रवाना किया। श्री राम जानकी परिवार के प्रधान अखिल गर्ग ने कहा कि बस हर महीने के आखिरी शुक्रवार को अयोध्या जाया करेगी। जबकि मेहंदीपुर बाला जी आखिरी शनिवार जाती है। इस मौके अखिल गर्ग, अंकुर गर्ग,एकलव्य गोयल, हनुमान प्रसाद गर्ग, उत्तम पंडित प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बस चलेगी 1 अप्रैल को वापस आएगी। वहीं दूसरी बस देवी मंदिर से रवाना हुई। जिसे मुख्य अतिथि अनिल गर्ग ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अतिथियों का आयोजकों द्वारा सम्मान किया गया।

### कर्म ग्रंथ है चुनाव हैंडबुक

**पानीपत।** एडीसी एवं पानीपत शहरी विधानसभा के आरओ डॉक्टर पंकज यादव ने कहा कि जिला में स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सभी अधिकारी इसमें व्यक्तिगत रुचि लेकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरूक करें। कई बार देखने में आता है कि चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के तहत जो हैंडबुक उपलब्ध करवाई गई है, अधिकारी रुचि के साथ हैंडबुक को नहीं पढ़ते हैं। हैंडबूक को पड़ना सबके लिए अनिवार्य है। जब तक इसे नहीं पढ़ेंगे तब तक इसके बारे में जानकारी हासिल नहीं कर सकते हैं। हैंडबुक सभी अधिकारियों का कर्म ग्रंथ है।



## गेहूं की सरकारी खरीद के लिए मंडियों का निरीक्षण किया

**पानीपत।** इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल ने रबी की फसलों की खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सोमवार को मडलौडा अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद की व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि किसान मंडियों में अपनी उपज को सुखाकर बिक्री के लिए लाएं। एसडीएम ज्योति मित्तल ने कहा कि जिला में गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है, ऐसे में मंडियों में किसानों की उपज की खरीद में किसी प्रकार की कोई अड़चने ना आने पाएं, इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ मार्केट कमेटी के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी

- बिचपड़ी मंडल की 17 पदाधिकारीयों की सूची जारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत ग्रामीण विधानसभा के बिचपडी मंडल के अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट एवं मंत्री महिपाल ढांडा से विचार विमर्श करके बिचपड़ी मंडल की 17 पदाधिकारीयों की सूची जारी की। इस अवसर पर अर्जुन शर्मा ने बताया कि भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं का सबसे अधिक सम्मान है, यही नहीं बीजेपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और स्वर्गीय डॉक्टर मंगल सेन के बताए गए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों का भी सरकारी योजनाओं के माध्यम से कल्याण करके मुख्य धारा में लाने का कार्य करती है और 2024 के चुनाव में एक बार फिर 400 पार का आंकड़ा हासिल करके पुनः भाजपा सरकार बनाएगी। भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। इस अवसर पर विभिन्न दलों के दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने भाजपा को ज्वाइन किया।


**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते हुए पार्टी कार्यकर्ता।

# भूमि घोटाले में शामिल हैं बिल्डर्स व अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- पूर्व जिला पार्षद जोगिंद्र स्वामी ने व्यक्त किए अपने विचार

सरकारी भूमि घोटाले में शामिल अधिकारियों और बिल्डर्स के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। यह बात पूर्व जिला पार्षद जोगिंद्र स्वामी ने कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण यानि हुडा आजकल कब्जों को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहा है। दिन प्रतिदिन हुडा की जमीन पर अवैध कब्जों की खबरें सामने आ रही है लेकिन विभाग शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं करता। ऐसा ही मामला बरसत रोड पर हजारों गज में बनाए जा रहे एससीओ जिसमें लगभग दो पौने दो लाख रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से एससीओ बनाने के लिए जमीन बेची जा रही है। लेकिन इसमें सबसे बड़ा हैरानी का विषय हुडा की सैकड़ों गज जमीन खसरा नंबर 3800 और 3799 जो इसी महालक्ष्मी स्पिनिंग मिल के अंदर आती थी वह कस्टोडियन भूमि है। इसके अलावा सैकड़ों गज अन्य भूमि जिसको हुडा द्वारा एक्वायर कर उसकी पेमेंट तक कर दी गई, लेकिन अधिकारियों के साथ मिली भगत करके इस जमीन पर बिल्डर्स द्वारा कब्जा तक कर उसमें प्लाटिंग शुरू कर दी गई। इसकी निदेशालय को और ईओ हुडा को शिकायतों के बावजूद भी अधिकारियों के मिली भगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही। वह इस महा घोटाले की पंचकूला हरेरा कार्यालय के बाहर इस घोटाले की पोल खोलकर तत्काल प्रभाव से यहां का लाइसेंस रद्द करने और इसमें शामिल अधिकारियों और बिल्डर्स पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग करेंगे। उसके बाद हुडा मुख्यालय पंचकूला पर भी प्रदर्शन करेंगे।

# ज्योतिबा फुले जयंती व सीएम अभिनंदन को लेकर बैठक

- सीएम नायब सैनी का अभिनंदन समारोह 7 को थीम पार्क में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल को होती है, उनकी जयंती के उपलक्ष्य में इस बार सात अप्रैल को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा। साथ ही सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल का अभिनंदन समारोह भी होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने और इसकी रूपरेखा बनाने के लिए रविवार को सैनी समाज सभा में सर्व समाज की धर्मशालाओं के प्रधान व पदाधिकारियों की बैठक हुई । अध्यक्षता सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने की। बैठक में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समाज के प्रधान व पदाधिकारियों से मंत्रणा की गई। साथ ही सभी धर्मशालाओं से आए पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और अपने सुझाव भी बैठक में रखे। इस मौके पर रविदास धर्मशाला के प्रधान सूरजभान नरवाल, जाट सभा से पूर्व सचिव दलबीर सिंह ढांडा, कश्यप समाज के प्रधान ओमपाल कश्यप, यादव समाज के प्रधान डॉ. अतुल यादव, सैन सभा के प्रधान काला सैन, धीमान सभा के प्रधान मोहन लाल, सचिव राजकुमार धीमान, बाजीगर सभा के सचिव डीसी मच्छाल, प्रजापति सभा के कोषाध्यक्ष दर्शन लाल, वाल्मीकि समाज से मास्टर लालचंद, जोगी समाज से सूरजभान जोगी, गुर्जर धर्मशाला से बनारसी ढांड रहे।

### राजयोग द्वारा मन की शांति संभव : भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने बताया कि राजयोग द्वारा अपनी कर्मेन्द्रियों पर संयम कर, कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं, इससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं। उन्होंने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वयं को आत्मा निश्चय कर चांद, सूर्य, तारागण से पार रहने वाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं।

### रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र का सेवा सम्मान एवं मिलन समारोह आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र का सेवा सम्मान एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस के आईपीएस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विधि संकाय की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान अति विशिष्ट अतिथि रहे जबकि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मोनिका भाटिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरीओम दास परिव्राजक का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा माँ शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत और एक हरियाणवी गीत से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश ने किया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र की स्थापना 16 मई 2018 को हुई थी जो आज 5 वर्ष 10 माह और 15 दिनों की अवधि पूर्ण कर चुकी है। इस अवसर पर रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश, महासचिव कर्म चंद, सचिव पंकज ठकराल, कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## बैंक ब्रांच ऑडिट विषय पर सेमिनार का आयोजन

# बैंक ब्रांच ऑडिट की तकनीक की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा सोमवार को पानीपत शाखा के सभागार में शाखा के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में बैंक ब्रांच ऑडिट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन इंस्टिट्यूट की सेंट्रल कमेटी ऑडिट एंड एश्योरेंस स्टैंडर्ड बोर्ड के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।


**पानीपत।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की पानीपत शाखा में दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर इंस्टिट्यूट के पूर्व प्रेजिडेंट सीए डॉक्टर अमरजीत चोपड़ा विशेष रूप से दिल्ली से पधारे और उन्होंने सभी उपस्थित मेंबर्स को बैंक ऑडिट करते समय विशेष ध्यान रखने वाली बातों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि कैश क्रेडिट अकाउंट, टर्म लोन अकाउंट, गोल्ड लोन अकाउंट, होम लोन अकाउंट, व्हीकल लोन अकाउंट आदि इन सब के दौरान बैंक से क्या-क्या गलतियां हो जाती है और अकाउंट किन-किन वजह से एनपीए हो जाता है उन सब को ध्यान में रखते हुए अपनी बैंक रिपोर्ट बनाने का मैसेज उन्होंने सभी मेंबर्स को दिया। इसके साथ अन्य वक्ता सीए गोपाल अग्रवाल ने भी इस विषय पर सभी मेंबर्स को बैंक ब्रांच ऑडिट की तकनीक से अवगत करवाया।

### मेंबर्स का सेमिनार में पहुंचने पर आभार जताया

ऑडिट एंड एश्योरेंस स्टैंडर्ड बोर्ड के अध्यक्ष सीए डॉक्टर संजीव सिंघल ने सभी मेंबर्स को इंस्टिट्यूट की गतिविधियों से अवगत करवाया। सीए नव्या मल्होत्रा सचिव उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद ने सभी मेंबर्स का इस सभागार में सेमिनार में पहुंचने पर आभार जताया। मंच का संचालन सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव ब्रांच के कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह के द्वारा किया गया। आए हुए सभी मेहमानों को ब्रांच के उपप्रधान सीए सोनू गोयल और सीए मितेश मल्होत्रा और सीए अंकुर बंसल के द्वारा भेंट दी गई।




# न्यूनतम वेतन को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**पानीपत।** सीटू संबंधी इंडिस्ट्रयल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में हाली पार्क में न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर मजदूरों ने रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ो मजदूर उपस्थित रहे तथा निर्णय लिया कि आगामी 4 अप्रैल को न्यूनतम वेतन व श्रम कानून को लागू करवाने की मांग को लेकर जिला डिप्टी लेबर कमिश्नर लघु सचिवालय पानीपत पर फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ प्रदर्शन कर लिखित मांग पत्र दिए जाएंगे। सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, जिला सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा ने कहा कि उद्योगों के अंदर कानून का राज नहीं जंगल का राज चलता है। सरे आम श्रम कानून की उल्लंगना की जा रही है। मजदूरों का हाजिरी रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं है उन्हें ईएसआई और पीएफ की सुविधा नहीं दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### खेलो इंडियो में आर्य कश्यप ने मारी बाजी

**अंबाला।** खेलो इंडिया (वुमेन जूनियर और सब जूनियर) नेशनल लेवल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर की छात्रा आर्य कश्यप ने जम्मू में वूशु खेल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने छात्रा को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। विद्यालय एवं छात्र के अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने प्रवेश उत्सव के पावन अवसर पर दाखिले के लिए छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रेरित किया तथा प्रवेश उत्सव की गतिविधियों का जायजा भी लिया।



### हवन से हुआ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नव सत्र प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ करवाया गया। इस यज्ञ के द्वारा सकुशल सत्रारम्भ एवं प्रत्येक विघ्न निवारण की कामना की गई। यज्ञ उपरांत पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वरोपासना का सबसे श्रेष्ठ साधन यज्ञ है। इसलिए हमें हर कार्य ईश्वरार्पित कर निष्काम भाव से करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मनुष्य की पहचान उसके श्रेष्ठ कर्मों से होती है इसलिए हर कार्य निष्ठां व लगन से पूर्ण करना चाहिए। साथ ही उन्होंने शिक्षकगण को संबोधित करते हुए कहा कि उस वैदिक यज्ञवेदी अर्थात डीएवी पावन धरा द्वारा प्रवाहित इस विद्यालय में हार्दिक स्वागत है।

### आनंदमयी कथा का हुआ आयोजन

**अंबाला।** मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम जी की आनंदमयी कथा का आयोजन इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह के निवास पर हुआ। इसमें विख्यात कथवाचक श्री राजेश निर्मोही महाराज ( निर्मोही ) व उनकी टीम ने भगवान श्री राम जी के जीवन के विभिन्न प्रसंगो का वर्णन करके समय को बांध दिया। उन्होंने बताया की भगवान श्री राम का नाम जहां भी लिया जाता है वो जगह वैसे ही पवित्र हो जाती है। भगवान श्री राम जी की रावण पर विजय अधर्म पर धर्म की विजय थी।

### हवन से हुआ नए सत्र का शुभारंभ

**शहजादपुर।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र 2024-2025 का हवन के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद रहे। प्रवेश के दौरान विद्यालय में उत्सव सा माहौल रहा। शैक्षिक सत्र के पहले दिन आने वाली छात्राओं का प्रधानाचार्य सुमन सिंह ने अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ मिलकर तिलक लगाकर और फूल देकर स्वागत किया।

---

### पहले दिन मंडी में नहीं हुई एक भी दाने की आवक, खरीद का इंतजार करते रहे अधिकारी

# आधी-अधूरी तैयारियों के साथ शुरू हुई गेहूं की खरीद





**बराड़ा।** खाली पड़ी अनाज मंडी, मुख्य द्वार पर पड़ी गंदगी। धरना देते आढ़ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राज्य सरकार द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सरसों की खरीद प्रारंभ हो गई। हालांकि पहले दिन मंडी में गेहूं की आवक शून्य रही। कोई भी किसान फसल लेकर मंडी में नहीं पहुंचा। 23 मार्च को नई सरकार की प्रथम कैबिनेट मीटिंग में स्पष्ट आदेश दिए गए थे कि खरीद प्रारंभ होने से पूर्व मंडी में किसानों की आवश्यक सुविधाओं के सभी प्रबंधों को अंतिम रूप दे दिया जाए। इसके अतिरिक्त मंडी प्रशासक व उपायुक्त ने भी कई बार बैठक कर निम्नस्थ अधिकारियों को मंडी में किसानों के सुविधा के दृष्टिगत सड़क, बिजली, पेयजल, व शौचालय आदि आवश्यक प्रबंधों को समय से पूर्व अंतिम रूप देने के आदेश दे जारी किए थे। परंतु बोर्ड की कछुआ गति से चल रही कार्रवाई के कारण अभी तक भी सभी प्रबंधों को दुरुस्त नहीं किया जा सका। मंडी में सफाई, पेयजल, सड़क की मरम्मत का काम कछुआ गति से जारी है। इसके चलते किसानों को असुविधा होना तय है। गत वर्ष की तुलना में इस बार गेहूं की आवक बढ़ने की संभावना कृषि मंडी सूत्रों के अनुसार गत वर्ष बराडा. व इसके अधीनस्थ उगाला तथा सरदाहेडी क्रय केंद्रों पर गेहूं की कुल 3 .50 लाख क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई थी। इसके चलते कृषि मंडी बोर्ड को लगभग 1.50 करोड रुपए फीस के रूप में राजस्व प्राप्त हुआ था। परंतु इस बार गेहूं की बिजाई के समय ठंड का मौसम व अनुकूल परिस्थितियों के चलते तथा पकने के समय गर्मी के कारण क्षेत्र व उत्पादन में वृद्धि की आशा जताई जा रही है।

#### आढ़ती संघ ने सरकार के खिलाफ दिया धरना

सरकार की खरीद नीति के विरुद्ध किसान संघ ने धरना देकर अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। संघ ने 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक निरंतर तथा तत्पश्चात चुनाव से पूर्व 15 से 25 मई तक 10 दिन के लिए धरना देने का निर्णय किया है । आढ़तियों का कहना है कि सरकार द्वारा नगदी फसलों की बिजाई को प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत सरसों के क्षेत्र में आशा अतीत वृद्धि हुई है। परंतु सरसों का खरीद केंद्र न होने के कारण किसानों को मुलाना अथवा शहजादपुर दूरस्थ स्थानों पर अनाज मंडी में सरसों को बेचने के लिए जाना पड़ता है। इसके साथ ही किसानों के ढुलाई व समय की बर्बादी होने से किसानों में भी भारी रोष है। आढतियों ने सरकार से मौखिक व लिखित अनुरोध करके बराड़ा में सरसों खरीद केंद्र की स्थापना करने का अनुरोध किया, परंतु सरकार ने उनकी बात को नहीं माना। इस के अतिरिक्त सरसों की खरीद डायरेक्टर या सहकारी समितियां के माध्यम से की जा रही है जिसके चलते आढ़तियों को सरसों की खरीद पर कोई कमीशन नहीं मिलती। इससे आढतियों में भारी रोष व्याप्त है। अपनी कमीशन पर भी रोष जताते हुए आढ़तियों ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित 57 रुपए की अपेक्षा उन्हें मात्र 46 रूपये का ही भुगतान किया जा रहा है। एमएसपी पर खरीद की जा रही सभी फसलों के लिए आढ़तियों को अढाई प्रतिशत की दर से कमीशन मिलनी चाहिए। इसके अतिरिक्त सरकार से यह भी मांग की कि किसान के पास अपने खाते अथवा आढती के खाते में भुगतान डलवाने का विकल्प भी होना चाहिए। मांगे न मानने की स्थिति में आढ़तियों ने अनिश्चितकालीन धरने पर जाने का ऐलान किया है।

#### सड़कों की मरम्मत का कार्य जारी



उच्च अधिकारियों को किसानों की सुविधा संबंधी प्रबंधों के विषय में अवगत करवाया गया था। सड़कों की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर जारी है। शीघ्र ही सभी आवश्यक प्रबंध को पूरा कर लिया जाएगा।
**-राहुल मेव, सचिव, कृषि विपणन समिति**

#### आढ़तियों में रोष



आढ़तियों में कमीशन, सरसों के खरीद केंद्र व भुगतान को लेकर भारी रोष है। सरकार को न्याय संगत मांगों की और तुरंत ध्यान देकर समस्या का समाधान करना चाहिए। अन्यथा हमें सरकार के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना देना पड़ेगा।
**-कवंरजीत सिंह विर्क, प्रधान आढ़ती संघ**

### गेहूं की सरकारी खरीद शुरू, मंडियों में अव्यवस्थाओं का आलम



**मुलाना।** सरसों लेकर आए किसानों की ट्रॉलियां।



**मुलाना।** अनाज मंडी में सूखती सरसों।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गेंहू की कटाई शुरू हो चुकी है । सरकार द्वारा भी गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई। सोमवार को खरीद का पहला दिन रहा। हालांकि अभी अनाज मंडी में अभी गेंहू की फसल आनी शुरू नही हुई । मंडी के अंतर्गत साहा अनाज मंडी, तल्हेड़ी परचेजिंग सेंटर,केसरी मंडी आते हैं । माना जा रहा कि एक सप्ताह बाद गेंहू की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। ऐसे में यदि हम अनाज मंडी की बात करें तो मंडी में काफी अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा।।अनाज मंडी में सड़कों की स्थिति काफी दयनीय है । मंडी में बनी सड़कों में खड्ढे बने हुए है सड़क से बजरी उखड़ी पड़ी है। सरकारी खरीद की तारीख शुरू होने के बावजूद भी मंडी में व्यवस्थाओं की और खास ध्यान नहीं दिया गया है। मंडी में बारिश के पानी से फसल को बचाने के लिए अनाज मंडी में 3 शैड बनाए गए हैं। यह शेड भी काफी पुराने हो चुके हैं । पुराने होने के साथ ही शैड कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कुछ शैडों में खरीद एजेंसियों का पुराना सामान पड़ा हुआ है ऐसे में यदि बारिश की स्थिति बनती है तो किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यह बताना लाजिमी है कि बारिश के दिनों में इन शैडों से पानी टपकता है। अनाज मंडी में बारिश से फसल को बचाने के खास इंतजाम नजर नहीं आते। अनाज मंडी में डली सीवरेज की अगर हम बात करें तो यह सीवरेज सालों से जाम पड़ी है। जिसे हर साल खोलने व मंडी के पानी निकालने के दावे किए जाते है लेकिन अनाज मंडी में पानी की निकासी न होने के हालात किसी से छिपे नही है। जरा सी बारिश होते ही अनाज मंडी पानी से लबालब हो जाती है। किसानों की फसल पानी के खराब होने की स्थिति बन जाती है।

#### अभी क्षेत्र में कटाई नहीं हुई शुरू

अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान रणजीत सिंह का कहना है कि मंडी में गेहूं खरीद के लिए डेड लाख कट्टा बारदाना आ चुका है। जल्द ही फूड सप्लाई विभाग आढ़तियों में वितरित करेगा। रणजीत सिंह का कहना है कि इस बार डीएफएससी व स्टेट वेयरहाउस को खरीद के लिए अधिकृत किया गया है। गेंहू की फसल पकने में अभी एक सप्ताह का समय लग सकता है। जिसके बाद भारी मात्रा में गेहूं की फसल मुलाना अनाज मंडी में पहुंचनी शुरू होगी।

#### शौचालय व पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त

प्रशासन का कहना है कि अनाज मंडी में खरीद को लेकर सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए है। बारदाना आ चुका है। मंडी में शौचालय , पीने के पानी की पूरी व्यवस्था की गई।मंडी की लाइट व्यवस्था सही है। मंडी में किसी प्रकार की दिक्कत नही आने दी जाएगी। इधर अनाज मंडी में गेहूं की आवक जारी है। सोमवार को कईं सरसों की ट्रालियां अनाज मंडी में आई। टोकन कटवाने के दौरान अनाज मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉलियों का जमावड़ा लगा रहा। किसानों को अपनी बारी का इंतजार करने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। अनाज मंडी में हैफेड़ द्वारा सरसो की खरीद की जा रही है ।

---

## स्वर्ग आश्रम सेवा सोसायटी के प्रधान बने वढेरा, सचदेवा ने अपने पद से दिया इस्तीफा

- दूसरे पदाधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** स्वर्ग आश्रम सेवा सोसायटी की नई कार्यकारिणी।

स्वर्ग आश्रम सेवा सोसायटी के प्रधान प्रदुमन सचदेवा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वेच्छा से अपने पद को त्याग दिया है। संस्था के चेयरमैन नीरू वढेरा को उन्होंने लिखित रूप में इसकी सूचना दी थी। सचदेवा ने नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखा। इसके उपरांत संस्था के वरिष्ठ सदस्य व उपप्रधान गुलशन शर्मा द्वारा नीरू वढेरा के नाम का प्रस्ताव प्रधान पद के लिए रखा। संस्था के अति विशिष्ट सदस्य मनोहर लाल द्वारा अनुमोदित किया गया। इस प्रकार सर्वसम्मति से नीरू वढेरा को एक बार फिर से प्रधान पद की जिम्मेवारी दी गई। चेयरमैन का पद रिक्त होने पर वढेरा ने अपने स्थान पर मास्टर हंसराज सचदेवा को चेयरमैन का पद देकर सम्मानित किया। मास्टर हंसराज सचदेवा काफी लंबे समय से संस्था की सेवा में लगे हुए है। वढेरा को अपनी नई कार्यकारिणी बनाने तथा अन्य कार्यों के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। वढेरा ने बताया कि वह पुरानी टीम में कोई खास बदलाव नहीं करेंगे क्योंकि सचिव पंकज शर्मा व कोषाध्यक्ष बॉबी मेहंदीरत्ता तथा अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्य भी बेहतर कार्य कर रहे हैं।

## भाजपा के खिलाफ दायर हुई चुनाव आयोग को शिकायत

- आदेश के बावजूद सरकारी भवनों पर नारें लिखने व पेंटिंग करने का आरोप
- कांग्रेस के एडवोकेट जैन ने आयोग से भाजपा के खिलाफ केस दर्ज करने के साथ सभी संपत्तियों से नारे हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** भाजपा के सरकारी भवनों की दीवारों पर लिखे नारे दिखाते एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने भारतीय चुनाव आयोग को भाजपा के खिलाफ एक शिकायत भेजी है। जैन ने शिकायत में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च, 2024 को लोकसभा 2024 के आम चुनावों की घोषणा की थी। उसी दिन से आचार संहिता लागू हो गई। आयोग द्वारा अधिकारियों को निष्पक्ष, स्वतंत्र चुनाव कराने के साथ आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करवाने को लेकर अधिकारियों को आदेश दिए थे। उन्होंने रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डों, पुलों-रेलवे और सड़क मार्गों, सरकारी भवनों, बसें आदि में स्थानों का राजनैतिक विज्ञापन का उपयोग न करने के आदेश दिए थे। आयोग के निर्देशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक भवनों, बिजली और टेलीफोन के खंभों, नगरपालिका/स्थानीय निकाय भवनों में राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थानों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है। रिटर्निंग ऑफिसर 1-अंबाला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ने अपने आदेशके तहत होडिंग और बैनर आदि के लिए कुछ स्थान चिह्नित किए हैं। लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने शहर में सार्वजनिक संपत्तियों के साथ-साथ अंबाला शहर के विभिन्न हिस्सों, सभी ओवर-ब्रिजों, रेलवे के अंडर-ब्रिज आदि और खाली पड़ी निजी संपत्तियों पर नारे लिखे हैं। साथ ही पेंटिंग भी बनाई है। उन्होंने कहा कि अधिकारी भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियों को नजरअंदाज कर रहे हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। अधिकारी भाजपा नेताओं के साथ मिले हुए हैं। अधिकारियों की उदासीनता से भाजपा को अनुचित लाभ हो रहा है।

## विज ने केजरीवाल पर कसा तंज

- कहा गीता-रामायण पढ़ी होती तो शायद न आती नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पूर्व गृहमंत्री विज से मुलाकात करते ग्रेट खली।

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि यदि उन्होंने पवित्र ग्रंथ गीता व रामायण पहले पढ़ी होती तो शायद यह नौबत ही नहीं आती।विज ने कहा कि जिस तरह किसी न किसी का कोई आराध्य होता है, इसी तरह केजरीवाल के दिमाग में भी प्रधानमंत्री है और जेल में भी केजरीवाल प्रधानमंत्री बनने की ख्वाहिश छोड़ना नहीं चाहते। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल ने गीता, रामायण के अलावा प्रधानमंत्री तय करने की किताब की मांग की है। दिल्ली में हुई इंडी गठबंधन की रैली पर पूर्व मंत्री विज ने कहा कि जो बात इन्होंने रैली के जरिये कही है यह बात अगर उनमें दम है तो अपने वकील के जरिए कोर्ट में कहे। उन्होंने कहा कि यह वो लोग है जो दोनों मुख्यमंत्रियों की पत्नियों को आगे करके भावनात्मक रूप से वोटों को प्रभावित करना चाहते है। कांग्रेस को दोबारा इनकम टैक्स का दूसरा नोटिस मिलने पर विज ने कहा कि अगर कोई समय से रिटर्न नहीं भरेगा तो नोटिस आएगा। इनका बड़ा काम है तो बड़ी राशि का नोटिस आएगा जिसका छोटा काम है उसे छोटे नोटिस दिए जाते हैं। इसमें हाय तौबा करने की क्या जरूरत है। विज से उनके आवास पर रेसलर ग्रेट खली ने मुलाक़ात की और उन्हें करनाल आने का न्यौता दिया। पत्रकारों से बात करते हुए ग्रेट खली ने बताया कि अनिल विज से उनके पारिवारिक रिश्ते है इसलिए उनसे मिलने आया हूं। साथ ही शनिवार को वे एक शो करवाते है उसमे भी पूर्व मंत्री अनिल विज को आने का न्यौता दिया है।

### आन, बान, शान से - सरकार बने मातदन सेः डॉ. भारत



**चंडीगढः** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाए गए 'मेरा पहला वोट - देश के लिए' अभियान के तहत मानव-विज्ञान विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में एक विशेष व्याख्यान-सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य-वक्ता के रुप में विश्वविद्यालय विधि अध्ययन संस्थान में कानून के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. भारत उपस्थित रहे। एक प्रभावी वक्तव्य के माध्यम से डॉ. भारत ने धर्म, जाति, रंग, पंथ और लिंग से ऊपर उठकर मतदान करने का पुरजोर आह्वान किया। उपस्थित छात्रों और शोधार्थियों ने डॉ. भारत के नेतृत्व में जयघोष किया कि ₹आन, बान और शान से - सरकार बने मातदन से। सत्र के अंत में सभी ने सामूहिक रुप से विभागाध्यक्ष एवं वार्डन डॉ. जे.एस. सहरावत के नेतृत्व में मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## मुख्यमंत्री ज्योतिबा फूले जयंती समारोह में करेंगे हिस्सेदारी

- सैनी समाज की ओर से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद सैनी सभा के पदाधिकारी व सदस्य।

अंबाला शहर सर्कल सैनी सभा की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सभा प्रधान सतीश सैनी के द्वारा की गई । इसमें 7 अप्रैल को कुरुक्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह कार्यक्रम में भाग लेने हेतु विचार विमर्श किया गया । इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल यहां अति वशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। बैठक में सैनी समाज कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सैनी,पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी,आल इंडिया सैनी समाज नई दिल्ली के राजनीतिक विंग के राष्ट्रीय प्रधान धर्म चौधरी,ऑल इंडिया सैनी समाज, पंजाब राज्य के प्रधान लवलीन सैनी, सैनी समाज पंचकुला के प्रधान वरिंदर मोहन सैनी, सैनी समाज मुलाना के प्रधान एवं सैनी समाज नारायणगढ़ प्रधान प्रतिनिधि मामराज सैनी, सैनी सभा अम्बाला के संरक्षक सुरजीत सिंह सौंडा समेत सभी सदस्यों ने संबोधित किया। समाज के सभी सदस्यों अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की । इस अवसर पर सैनी सभा के सचिव सर्वजीत सैनी द्वारा मंच का संचालन किया गया ।इस अवसर पर संरक्षक पूर्ण प्रकाश सैनी,पूर्व प्रधान ठाकुर सिंह सैनी,पुर्व् प्रधान देविंदर सैनी, सैनी हाई स्कूल प्रधान मोहन लाल सैनी,बलबीर सिंह जोधपुर, बलबीर सिंह काठगढ़, कैशियर ज्ञान चंद सैनी आदि रहे।

## सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने का आरोप

- सीएम नायब सैनी से की ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** सड़क में घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग का दिखाते ग्रामीण।

तंदवाल से राजोखेड़ी को जाने वाली नई बनी सडक़ के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने पर ग्रामीणों ने रोष जताया है। ग्रामीणों ने सडक़ के निर्माण कार्य में प्रयोग की गई सामग्री व सडक़ की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए है। ग्रामीणों का कहना है कि इस नई बनी सडक़ में ठेकेदार की ओर से सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गई है। निर्माण कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण सडक़ में कई जगहों पर जहां बजरी आदि का माल बहुत ही कम मात्रा में डाला गया है। कहीं तक सडक़ पर रोलर भी सही ढंग से नहीं चलाया गया जिससे सडक़ का लेवल सही नहीं बन पाया है। लोगों सुशील कुमार, संजीव कुमार, बलराम, शिव कुमार ने सीएम नायब सैनी से इस नई बनी सडक़ की जांच करवाए जाने व सडक़ बनाने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### अधोया के सरकारी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव

## फूलों की माला पहनाकर नए छात्रों को लगाया तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




**अंबाला।** स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाते हुए स्टाफ व बच्चे।

गांव अधोया में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए सत्र के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें प्रधानाचार्य राजेश पराशर के दिशा-निर्देशन में जहां नए दाखिल हुए बच्चों का माला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया तो वहीं दूसरी ओर स्कूल स्टाफ व स्कूल के बच्चों ने गांव में घर-घर घुमकर ग्रामीणों को अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाने के लिए अपील की। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। प्रिंसीपल राजेश पराशर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए बहुत सी सुविधाएं दी जा रही है और बच्चों के हितों के लिए कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि स्कूल से डॉ्रप आऊट हो चुके बच्चों को दोबारा से स्कूलों में दाखिला करवाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस अवसर पर कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर ने कहा कि सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मुफ्त वर्दी व शिक्षा का प्रबंध सरकार की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दसवीं से बाहरवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को टैब की सुविधा मुफ्त में दी जाती है साथ ही अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति व बीपीएल विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति व स्टाईफण्ड की राशि खातों में भेजी जाती है । उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों में बुनियाद कार्यक्रम, सुपर 100, जवाहर नवोदय विद्यालय व एनएमएमएस. की तैयारी करवा कर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया जाता है। पराशर ने सभी नवप्रवेशित बाल-बालिकाओं को विद्यालय की कंप्यूटर, आईटी, ब्यूटी एंड वैलनेस, फाइन-आट्र्स, भौतिकी, रसायन-शास्त्र, जीव-विज्ञान आदि प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवा कर विस्तृत जानकारी दी। प्रवक्ता डॉ. बलवंत सिंह ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्कूल की सभी संकायों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।